अंतरराज्यीय साइबर गिरोह की 1 .34 करोड़ रूपए ठगी का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

रतलाम। पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर गिरोह की सबसे जटिल और संगठित साइबर ठगी का पदार्फाश किया है। इसमें शहर के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर को मुंबई क्राइम ब्रांच और न्यायालय का डर दिखाकर 1

सेवानिवृत्त प्रोफेसर को एक माह तक डिजिटल कैद में रखकर की करोड़ों की ठगी

करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की गई। यह रकम दे श के चार राज्यों में फैले खातों से होती हुई क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क से ठगी गई है। इसका खुलासा करते हुए एसपी अमित कुमार से पत्रकार वार्ता में जानकारी दी।

एसपी के अनुसार 15 नवम्बर 2025 को फरियादी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल प्राप्त हुआ। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए फरियादी को गंभीर आरोपों में फंसाने का भय दिखाया। आरोपी द्वारा यह कहा गया कि फरियादी के नाम से जारी सिम का उपयोग एक बड़े फ्रॉड में हुआ है। मुंबई स्थित केनरा बैंक में

लगभग 247 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। उक्त बैंक खाते में फरियादी का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज लगे हुए हैं। फरियादी द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी से इनकार करने पर उसे गिरफ्तारी वारंट जारी होने और तत्काल गिरफ्तारी का भय दिखाया गया। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से फरियादी को मानसिक दबाव में लिया गया। आधार कार्ड एवं अन्य निजी दस्तावेज प्राप्त किए गए। फरियादी के मोबाइल में सिंगल एप्प इंस्टॉल करवाया गया। वीडियो कॉल के दौरान न्यायालय जैसा सेटअप, जज, वकील एवं गवाहों का नाटकीय दृश्य दिखाकर उसे 'डिजिटल अरेस्ट' की स्थिति में रखा गया। इस प्रकार आरोपियों द्वारा फरियादी की संपत्ति एवं बैंक खातों की जानकारी लेकर ब्लैकमेल कर 15 से नवम्बर से 12 दिसम्बर 2025 के बीच कुल 1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये भय एवं छल के माध्यम से प्राप्त कर लिए गए।

अंतरराज्यीय कार्रवाई एवं गिरफ्तारियां : जबलपुर से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया इसमें अशोक पिता राधेश्याम जायसवाल, (61)। सनी पिता सोनु जायसवाल (34)। सारांश उर्फ शानु पिता योगेन्द्र तिवारी(18)। एक विधि विरुद्ध बालक भी शामिल हैं। इन आरोपियों द्वारा फरियादी से ठगी गई राशि में से कुल 14 लाख रुपये आपसी साँठ-गाँठ से अपने खातों में प्राप्त किए गए।

इन्हें नीमच से किया गिरफ्तार : पवन पिता कैलाश कुमावत (23) निवासी इन्द्रा कॉलोनी, नयागांव, थाना जावद, जिला नीमच को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खाते में 14 लाख रुपये की संदिग्ध राशि प्राप्त होना पाया गया।

गुजरात और यूपी से किया गिरफ्तार: अमरेन्द्र कुमार पिता बडेलाल प्रसाद मौर्य(34) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी एक एनजीओ संचालक है, जिसके बैंक खाते में 50 लाख रुपये का संदिग्ध लेन-देन पाया गया।वहीं गुजरात से आरिफ घाटा, हमीद खान पठान ,शाहिद कुरेशी और सादिक हसन समा को गिरफ्तार किया। उन्होंने ठगी गई राशि का उपयोग क्रिप्टो करेंसी की खरीद में कर लगभग 5 लाख रुपये का अवैध लाभ अर्जित किया गया। वहीं एक टीम बिहार गई हैं।

सराहनीय भूमिका:निरीक्षक अमित कोरी, शंकर सिंह चौहान, उप निरीक्षक अनुराग यादव, प्रवीण वास्कले, जीवन बरिया,प्रआर हिम्मत सिंह, मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, आ. राहुल पाटीदार, तुषार सिसोदिया, मोर सिंह, विपुल भावसार, मयंक व्यास, पावन जाट, व डीडी नगर थाने से सुनील, संजय कुशवाहा आदि की सराहनी भूमिका रही।

एसपी ने 18 सदस्यी एसआईटी का किया गठन

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत सूचना मिलते ही रतलाम पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ईएफआईआर दर्ज की गई। थाना डीडी नगर पर धारा 318(4), 319(2), 308, बीएनएस धारा 66(सी) एवं 66(डी) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में 18 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

स्मृति शेष समाज सेवा और खेल गतिविधियों में सक्रिय

खिलाड़ियों में जोश और मजदूरों का दर्द साथ खड़े होकर बांटते,ऐसे से थे शर्माजी

डॉ. संजय उपाध्याय

रतलाम। खिलाड़ियों में जीत और उत्साह का संचार करने वाले और मजदूरों की पीड़ा में साथ खड़े होकर दर्द को बांटने वाले अश्विन शर्मा अब हमारे बीच नहीं रहे। उनके निधन से खेल जगत से लेकर सामाजिक संगठनों और श्रमिक संगठन सहित प्रत्येक व्यक्ति स्तब्ध रह गया।

नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी, रोटरी क्लब डायमंड के अध्यक्ष और विभिन्न खेल संगठनों से जुडे 61 वर्षीय अश्विन शर्मा का आज दोपहर वडोदरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर को रतलाम लाया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार एमआर एशोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष अश्विन शर्मा को दो दिन पूर्व 28 दिसम्बर 2025 की रात अचानक ब्रेन स्ट्रोक आया था।

उन्हें इलाज के लिए गुजरात के वडोदरा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया था, जहां विन्स सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में उनकी ब्रेन सर्जरी की गई थी। उनकी सर्जरी सफल रही थी और 30 दिसम्बर को दोपहर में उन्हे आइसीयू से बाहर लाया गया था। दोपहर 1.31 पर अचानक उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि अश्विन शर्मा सक्रिय समाजसेवी होने के साथ अनेक खेल गतिविधियों से जुडे हुए थे। इसके अलावा वे श्रमिक संगठनों में भी सक्रिय भागीदारी रखते थे। उनके आकस्मिक निधन के समाचार से उनको जानने वाला प्रत्येक व्यक्ति स्तब्ध रह गया। अश्विन शर्मा के निधन से शहर में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी पार्थिव देह को रतलाम लाया जा रहा है। हँसमुख, मिलनसार,हर दिल अजीज अश्विन शर्मा दूसरों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। आशुतोष क्रिकेट क्लब के माध्यम से हर वर्ष नेहरू स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर बच्चो को क्रिकेट की ट्रेनिग देने के साथ विभिन्न खेल व समाजसेवी गतिविधियां संचालित करते रहते थे। वे रक्तदान, पौधरोपण के क्षेत्र में भी सक्रिय रहते थे।

एक नजर में

गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग संग्रहण हेतु नप बटेंगी 7000 डस्टबीन

सैलाना । नगर परिषद् अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला द्वारा स्वच्छता विभाग के समस्त कर्मचारीयों के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 सैलाना बनेगा नम्बर वन की परिकल्पना को साकार करने हेतु एवं नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया रखने हेतु महत्वपूर्ण बैठक कार्यालय नगर परिषद् मे आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष शुक्ला ने स्वच्छता प्रभारी एवं कर्मचारियों से वार्ड वार चर्चा कर आरही समस्यों के बारे में जाना तथा उनके निराकरण हेतु स्वच्छता प्रभारी को निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने बताया कि नगर भ्रमण के दौरान पाया गया कि घर-घर से जो कचरा संग्रहण कार्य किया जा रहा है उनका पृथक्कीकरण पूर्ण रूप से नही हो पा रहा है। वार्ड निवासियों द्वारा बताया गया कि पूर्व मे निकाय द्वारा हमको 08 वर्ष पूर्व में घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु हरा एवं नीला डस्टबीन का प्रदान किये गये थे जो कि वर्तमान मे टुट गये है। जिससे कचरा संग्रहण वाहन मे डालते समय कई बार कचरा सड़क पर ही गिर जाता है, जिससे गंदगी फैलती है ।शुक्ला ने इस समस्या के निदान हेतु सम्पूर्ण नगर मे घर घर से हरा एवं गीला कचरा संग्रहण हेतु नवीन डस्टबीन का वितरण किये जाने का निर्णय लिया। इस अभियान के तहत लगभग 7000 डस्टबीन वितरित होगे। शुक्ला द्वारा होटल व्यवसायों को भी एक एक बड़े डस्टबीन दिये जाने हेतु निर्देश दिए गए। ताकि होटलो पर हो रही गंदगी पर नियत्रण हो सकें। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी धन्नालाल परमार, सफाई दरोगा महेश तंवर, हरिओम सिसोदिय, दीपक गोयर, एवं निकाय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला ने विद्यार्थियों में बढ़ाया आत्मविश्वास

आलोट। स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि पीएम श्री गतिविधि अंतर्गत 'यंग राइटर्स क्लब' के एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व मेंटर मेघा वैष्णव ने किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों के रचनात्मक लेखन कौशल को निखारना था, जिसमें विशेष रूप से अंग्रेजी और हिंदी भाषा में अभिव्यक्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया। आयोजन के दौरान, मेघा वैष्णव ने विद्यार्थियों को कच्चे विचारों को एक व्यवस्थित साहित्यिक कृति में बदलने की यात्रा का मार्गदर्शन किया। यह सत्र पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर था, जिसमें प्रतिभागियों को भाषा को कहानी कहने और आत्म-अभिव्यक्ति के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण रचनात्मक मार्गदर्शन : छात्रों ने मौलिक कहानियों और कविताओं के मंथन और प्रारूप तैयार करने की तकनीकें सीखीं। शब्दावली और भावनात्मक बारीकियों को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। जबकि करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम अंतर्गत अपूर्व वैष्णव भोपाल द्वारा विभिन्न चार सत्रों में करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया गया ।जिसमें प्रथम सत्र में कक्षा 12 एवं 11 के विज्ञान विद्यार्थियों को विद्यालयीन अध्ययन उपरांत कालेज में प्रवेश एवं परीक्षा के दौरान तनाव एवं प्रबंधन के साथ करियर प्लानिंग पर आधारित परामर्श प्रदान किया। द्वितीय सत्र में वैष्णव द्वारा कक्षा 10 वी के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में उच्च परिणाम प्राप्त करने के साथ विषय चयन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। तृतीय सत्र में कक्षा 11 वी के कला संकाय के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में करियर निर्माण के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम को विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उप प्राचार्या सुचिता खुराना ने भी संबोधित किया। संचालन करियर मार्गदर्शन प्रभारी मनोज कुमार जोशी ने किया। कार्यक्रम में यंग राइटर क्लब की प्रभारी निशा गुप्ता, पीएम श्री प्रभारी ललित कुमार चौहान, कला शिक्षक मेघराज मीणा, संतोष कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

प्रधानमंत्री के समक्ष निशित रखेंगे अपना विजन

जावरा। स्थानीय भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र निशित श्रीमाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाकर समूचे जिले को गोरांवित किया है। आपका चयन विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में राष्ट्रीय स्पर्धा जो नई दिल्ली स्थित भारत मंडप में आयोजित की जाएगी। जहां वे सीधे देश के प्रधानमंत्री के समक्ष अपना विजन प्रस्तुत करेंगे। निशित ने इस प्रतियोगिता से पूर्व जिला, संभाग तथा राज्य स्तर पर सफलता हासिल की है और अब राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर महाविद्यालय तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। आगामी 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय संवाद में, जो नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा, निशित मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एजी पठान एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ विद्या तिवारी ने निशित की इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी और नई दिल्ली में होने वाली प्रतिस्पर्धा के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

गौ माता भारतीय संस्कृति और सभ्यता का है प्रतीक :सुराणा

जावरा । गौ माता भारतीय संस्कृति और सभ्यता का पवित्र व सम्माननीय प्रतीक है। प्राचीन काल से ही गौ माता को धर्म, संस्कृति और कृषि से जोड़ा गया है। हिंदू धर्म में गाय की पूजा की जाती है तथा उसे देवी-देवताओं का वास स्थल माना गया है। उक्त विचार श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति के अध्यक्ष अभय सुराणा ने संस्था द्वारा नियमित रूप से संचालित गो-सेवा कायक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था सदस्य मनोहरलाल नाहटा का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदस्यों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने गौ माता को गो-ग्रास का स्वामी वात्सल्य कराया। इस अवसर पर बसंतीलाल चपडोद, शांतिलाल डांगी, नेमीचंद जैन, राजेंद्र कोचर, सुशील मेहता, संजय सुराणा, राजकुमार हरण, रमणीक जैन, अनिल श्रीश्रीमाल, कमल चपडोद, प्रकाशचंद पामेचा सहित मास्टर आरुष पटवा एवं मास्टर शर्मा सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। संचालन उपाध्यक्ष पुखराज पटवा ने तथा आभार सचिव राजकुमार हरण माना।

महापौर प्रहलाद पटेल ने किया लक्कड़पीठा रोड का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

रतलाम। साथ चांदनी चौक से बाजना बस स्टैण्ड तक बनाई जाने वाली 4 लेन निर्माण को लेकर मंगलवार को महापौर ने अधिकारियों के साथ रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के रहवासियों से भी चर्चा की।

महापौर महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम आयुक्त अनिल भाना के साथ चांदनी चौक से बाजना बस

लक्कड़पीठा 4 लेन 18 मीटर चौड़ाई का बनेगा

स्टैण्ड तक बनाई जाने वाली लक्कड़पीठा रोड़ का निरीक्षण कर रोड़ की चौड़ाई के संबंध में रहवासियों से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने रहवासियों से चर्चा के दौरान बताया कि मास्टर प्लान अनुसार रोड़ की चौड़ाई 18 मीटर रहेगी जिसमें डिवाईडर व पैदल चलने हेतु सड़क के दोनो ओर फुटपाथ निर्माण किया जायेगा। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि शहर की सुंदरता व यातायात की दृष्टि से किसी भी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर बनाने हेतु सभी नागरिकों को आगे आकर शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना होगा। इस अवसर पर पार्षद धर्मेन्द्र रांका, कार्यपालन यंत्री महेश कुमार सिरोहिया, सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, उपयंत्री अनमोल निर्मल, मनीष तिवारी, विनोद पाटीदार आदि उपस्थित थे।

एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहे भाजपा कार्यकर्ता : संभाग प्रभारी

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर भाजपा कार्यालय मे रतलाम ग्रामीण और शहर विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई7 भाजपा के संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कार्यकर्ताओं से एसआईआर कार्य को लेकर जागरूक रहने का आव्हान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, बाबूलाल कर्णधार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक मे एसआईआर के तहत अब तक हुये कार्य की समीक्षा की गई। भाजपा मंडलों मे मतदाता सूची प्रकाशन के बाद दावे-आपत्ति एवं छुटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए कार्यकर्ताओं से लगातार सक्रिय रहने को कहा गया। बैठक मे दोनों विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री आदि उपस्थित रहे।

महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

रतलाम। वार्ड क्रमांक 26 में रत्नेश्वर मुख्य मार्ग की नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती उमा डोई, पूर्व महापौर परिषद सदस्य मंगल लोढ़ा, पार्षद प्रतिनिधि रामचन्द्र डोई व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रत्नेश्वर मुख्य मार्ग की नाली निर्माण का कार्य 11.00 लाख की राशि से किया जायेगा। गोपाल शर्मा, संजय कोठारी, अशोक मकवाना, मनीष सिसोदिया, कैलाश मेवाती, ललीत शर्मा, लोकेन्द्र कहार, बसंत भोई, बाबु भाटी, विक्रम धभाई, लोकेन्द्र सिंह, बालमुकुन्द प्रजापत, लक्ष्मीनारायण गेहलोत, विशाल चावड़ा, ईश्वर रजवाड़िया, नरेन्द्र भैय्यू, आनन्द कोठारी, कृष्णकुमार पाटीदार, रवि प्रजापति, करणसिंह चावड़ा आदि मौजूद रहे।

दो परिवार की सहमति से नेत्रदान, चार मिलेगी रोशनी

रतलाम। नेत्रम संस्था के निरंतर प्रयासों से ग्राम शिवगढ़ एवं शहर में दो नेत्रदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। संस्था संस्थापक हेमन्त मूणत ने बताया कि शिवगढ़ निवासी स्व. देवीलाल सोलंकी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामाबाई सोलंकी के निधन उपरांत उनके पुत्र हरीश सोलंकी, पौत्र भव्य सोलंकी एवं परिजनों ने दीपक तांतेड़ की प्रेरणा से नेत्रदान का महान निर्णय लिया। वहीं काटजू नगर निवासी शासकीय सेवानिवृत्त स्व. विक्योमल कोटवानी के निधन के पश्चात उनकी पुत्री चांदनी योगेश चावड़ा,परिजनों भगवान ढलवानी की प्रेरणा से नेत्रदान हेतु सहमति दी। हेमन्त मूणत ने बताया कि दोनों परिवारों की सहमति प्राप्त होते ही नेत्रम संस्था द्वारा बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जीएल ददरवाल को बताया। वे टीम के मनीष तलाच, परमानंद राठौड़ के शिवगढ़ एवं रतलाम पहुँचे और की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

उज्जैन में विशिष्ट उपलब्धि के लिए सुश्री श्वेता नागर सम्मानित

नवभारत न्यूज

रतलाम। नागर ब्राह्मण समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदेश स्तरीय स्व. रमाकांत नागर स्मृति शैक्षिक उत्कृष्टता सम्मान आयोजित कर रहा हैं। रतलाम जिले के सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सैलाना में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक सुश्री श्वेता नागर को कालिदास अकादमी उज्जैन में 25 दिसम्बर को मप्र नागर ब्राह्मण प्रतिभा प्रोत्साहन समिति के राज्यस्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह में श्रीमती संगीता विनोद नागर द्वारा प्रदान किया। सुश्री नागर लेखन क्षेत्र में सक्रिय हैं और आकाशवाणी केंद्र इंदौर में आकस्मिक उद्घोषिका भी रह चुकी हैं। अतिथि प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल, संजय राजानी, विजय प्रकाश मेहता, शिक्षाविद एवं समाज

छात्र प्रोत्साहन समिति अध्यक्ष रमेश मेहता प्रतीक एवं सचिव अशोक व्यास थे। दूरदर्शन एवं आकाशवाणी (समाचार) केंद्र इंदौर के पूर्व निदेशक विनोद नागर, वरिष्ठ पत्रकार संदीप मेहता, लव मेहता,दिनेश चंद्र मेहता, प्रो. डॉ. तेज प्रकाश व्यास एवं मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष सोनिया मंडलोई सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन के एंकर मयंक शुक्ल ने किया।

जिले से तनीष कुंवर का मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

नवभारत न्यूज

रतलाम। प्रदेश के इन्दौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए जिले से चयन हुआ है। जिले से तनीष कुंवर का मॉडल राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर ने बताया कि महावीर जैन नेशनल स्कूल जावरा की कक्षा 10वीं की छात्रा तनीष कुंवर सोलंकी का इन्दौर में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी में 55 जिलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। रतलाम जिले से सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के 15 प्रतिभागियों ने इसमें सहभागिता की। तनीष कुंवर का मॉडल महिलाओं की सुरक्षा के लिए जैकेट

से संबंधित है जिसे पहनकर कोई लड़की या महिला अकेले कहीं बाहर जाती है और उसके साथ छेड़छाड़ होती है तो तुरंत पेरेंट्स को सूचना मिल जाती है तथा लोकेशन भी सेंड हो जाती है।

तनीष कुंवर सोलंकी के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होने पर अन्य चयनित छात्रों एवं मार्गदर्शी शिक्षक शाहरुख को जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर, एडीपीसी अशोक लोढ़ा, सहायक संचालक राहुल मंडलोई, जिला विज्ञान अधिकारी जितेन्द्र जोशी, सहायक जिला विज्ञान अधिकारी स्वतंत्र श्रोत्रिय, एपीसी मुकेश ठन्ना ने बधाई प्रेषित की है। इन्दौर में जिले के दल का नेतृत्व महेंद्र प्रताप सिंह चंद्रावत, उ. मा. शि. चिकलाना ने किया।

जावरा में हुआ 3 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

जावरा। बैडमिंटन क्लब द्वारा नगर पालिका स्थित टाउन हाल में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में इंदौर, नीमच, देवास, भोपाल आगर, बांसवाड़ा, मंदसौर, रतलाम, जावरा के खिलाडियों ने भाग लिया। अंडर 15 में जावरा के रेहान खान विजेता ओर हमजा खान उपविजेता रहे। अंडर 17 में उज्जैन के हर्ष प्रजापति विजेता तो उपविजेता अथर्व देवास रहे। इसी तरह अंडर 19 मे विजेता नबील कुरैशी देवास, उपविजेता शिवा देवास के साथ मैंस सिंगल्स मे विजेता आरुष देवास उपविजेता असद खान जावरा रहे। मैंस डबल्स विजेता मे आरुष/नबील देवास तो दुसरे स्थान पर वसी खान/असद खान जावरा रहे। टूर्नामेंट का समापन मातिनुद्दीन, वाजिद खान, इलयास मेव, बिलाल खान, विपिन जैन, मन्नान कडपा, एडवोकेट अर्पित चतर, शैलेश करमचंदानी के आतिथ्य में हुआ। क्लब के पूर्व खिलाड़ी व कोच जावेद खान, शुभम पोरवाल धीरज शर्मा, अली जमान, दानिश खान, हुमैर खान, तौकीर खान की उपस्थिति रहे। संचालन शुभम पोरवाल व आभार सरफराज अली खान ने माना।

एक नजर जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद पर विषय आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया

विषय आधारित प्रदर्शनी में 61 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

नवभारत न्यूज

जावरा। जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद पर विषय आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्रदर्शनी में लगभग 14 माध्यमिक विद्यालयों से 61 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

ये सभी छात्र छात्रा शाला स्तर से चयनित हुए थे। गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण विषय के मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शन करते हुए छात्र छात्राएं बहुत उत्साहित नजर आए। चयनकर्ताओं द्वारा मॉडल का चयन किया गया। जनशिक्षक सौरभ गुप्ता ने बताया जनशिक्षा केंद्र रिंगनोद से चयनित छात्र छात्रा अब विकासखंड में होने वाली प्रदर्शनी में भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड स्त्रोत समन्वयक चरणसिंह चंद्रावत, विशेष अतिथि रितेश चोपड़ा ब्लॉक समन्वयक साक्षरता रहे। अध्यक्षता जन शिक्षा केंद्र प्रभारी संजय कुमार भट्ट ने की। संचालन दीपक श्रीमाल ने किया एवं आभार जनशिक्षक श्रीमती अंगूरबाला पाटीदार ने माना।

इधर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सांदीपनि विद्यालय महात्मा गांधी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावरा में विकासखंड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझना आसान है प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांदीपनि विद्यालय जावरा के प्राचार्य राजेंद्र कुमार बोस द्वारा विज्ञान आधारित चमत्कार दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान आधारित गतिविधियों से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होती है। उच्च माध्यमिक शिक्षक राकेश डारिया ने समाज मे व्याप्त अंधविश्वासों के पीछे छिपे विज्ञान को विद्यार्थियों को बताया और अंधविश्वास फैलाने वाले ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहने के बारे में प्रेरित किया। इस मोके पर वभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयोग आधारित गतिविधि में सांदीपनि विद्यालय जावरा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान व शासकीय उच्चतर माध्यमिक ढोढर के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक सरसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विज्ञान नाटिका में सांदीपनी विद्यालय ने प्रथम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्डियागोयल ने द्वितीय व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । विज्ञान गीत व विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय जावरा के प्रतिभागियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। निर्णायक राकेश डारिया, बालमुकुंद सोलंकी एवं पूरणमल कारपेंटर रहे। विद्यालय के मुकेश कुमार गहलोत व शीतल सोनी ने प्रायोगिक कार्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। संचालन हर्षा नामदेव नेतथा आभार वर्षा तिवारी ने माना।